प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में रेहड़ी–पटरी दुकानदारों के लिए नमो स्टॉल वितरण योजना की घोषणा की है। इस पहल के तहत छोटे व्यवसायियों को कल से निःशुल्क आधुनिक ठेले उपलब्ध कराए जाएंगे। संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री से प्रेरित यह योजना स्वच्छ रांची, समृद्ध रांची के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

****

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने परीक्षा पर्व 8.0 के अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने छात्रों से परीक्षा को तनाव के बजाय उत्सव के रूप में मनाने की अपील की। मंत्री ने कहा कि बच्चे शांत मन से अपनी प्रतिभा दिखाएं। इस अभियान के तहत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, एनसीपीसीआर द्वारा विशेषज्ञों के साथ लाइव सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं।

****

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। 5 से 18 वर्ष के प्रतिभाशाली बच्चे 31 जुलाई तक अवॉर्ड्स डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। वीरता, खेल और विज्ञान जैसे क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। योग्य उम्मीदवार अपना नामांकन स्वयं भी भर सकते हैं।

****

धनबाद में आज सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ ने श्रम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। संघ का आरोप है कि आईआईटी–आईएसएम में वर्षों से तैनात 110 सुरक्षा कर्मियों को बिना कारण काम से निकाल दिया गया है। महामंत्री प्रभात कुमार सिंह ने ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

****

कोडरमा जिले में नए उपायुक्त ने आज कार्यभार संभाल लिया। आज 26वें उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद उत्कर्ष गुप्ता ने अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और शिक्षा व रोजगार को बेहतर बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

****

राज्य में भीषण गर्मी के बीच अब मौसम में बदलाव के संकेत मिले हैं। मौसम विभाग ने 2 मई तक राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया है। इससे रांची समेत कई जिलों में तापमान 5 डिग्री तक गिर सकता है। विभाग ने मेघ गर्जन और वज्रपात के प्रति लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

****

पश्चिमी सिंहभूम में खेलो इंडिया पहल के तहत अस्मिता सिटी लीग का आगाज़ हो गया है। चाईबासा सहित तीन स्थानों पर आयोजित इस लीग में 200 से अधिक बालिकाएं फुटबॉल, तीरंदाजी और हॉकी में अपना दम–खम दिखा रही हैं। एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए खेल भावना से खेलने की अपील की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर महिला खिलाड़ियों को सशक्त बनाना है।

***********समाप्त***********